somewhat bigger thaa the one in a local police station and all these firearms will be in use legally. That will be the result. Therefore, I would like to know whether the restriction is in regard to one member of a family or to one whole family.

Jn the case of arms also, there are chances of possession of firearms in be-nami names as in the case of land. Therefore, the maximum firearms which shali be in the possession of an undivided family should be specified.

Licences for firearms are generaly issued on the grounds of self-protection and protection of crops from wild animals. But these legally possessed firearms are used for illegal purposes in the general order \ of the day. In many parts of this country, especially in the countryside, the big landlords have their own armed musclemen and some of them have their own private army. These musclemen and these private | armies of the landlords were frequently used against the poor Harijans, agricultural labourers, adivasis, sharecroppers, tenants, etc. They have no protection from the police or the administrative authorities only because they are poor and the others are from the upper sections of the society and are influential persons of the society.

Here, Sir, a political will on the part of the Government is highly necessary. Mere legislation will not do anything. If there is ah earnest desire on the part of the Government, certainly, at least of a section of the subordinates will act according to that. Now, the police and the administrative authorities are quite sure that the Government is protecting the interests of the upper classes of the society and that is why they are fearless to protect the culprits so blatantly. This attitude of the Government must change first. The state of affairs that I have described just now is not prevailing in the agricultural sector alone. In the industrial sector also, the situation is the same and this sector is familiar with the goonda gangs organised by the management. Sometimes they appear in the form of trade unions or something like that. The trade union gangsterism is widespread in many indsutries, especially in the coal mines.

These goonda gangs are usually in possession of illegal arms. I am really concerned about the growing menace of the illegal manufacture and sale of arms. It has created a serious law and order problem in many parts of this country, particularly in the States of UP, Bihar, Madhya Pradesh and Rajasthan. Sir, in Bihar, it was reported in the Press that in *the* Nal-anda district, illegal manufacture and sale of arms is a cottage industry. The so-called underground factories are really not underground, but they are open <d overground. So, there is no need for . earthing them. These factories are running with complete connivance and support of the police and the authorities concerned with sufficient political support.

In a country, where dacoits have been used to capture polling booths and for threatening the voters to win the elections, how can you prevent illegal manufacture and sale of firearms? Of course, I do agree that legislation to plug the loopholes in the laws is a must. But, at the same time, the more important thing that is required is the political will on the part of the Government to implement these laws. In many cases, Sir, it is unfortunate to note, that there is this kick of political will. As I have mentioned in the beginning of my speech, I am not against this BiM; but I am not for supporting this Bill_ also. I am still doubtful whether this Bill will serve any purpose in the background of our past experience. The growing tendency in the society to indulge in criminal activities is not merely because of inadequacy of laws. This is a social problem connected with so many factors. To solve this problem, an earnest approach on the part of the Government and a change in the attitude of the Government are a must. Otherwise, this exercise of merely passing laws with good intentions will become only a futile effort.

With these words, Sir, I conclude.

**श्री राम नरेश कुशवाहा** (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी की इस भावना से तो सहमत हूं कि इनमें, श्रायुद्ध विधेयक में संशोधन होना चाहिये श्रौर जिस मंशा से यह लाया गया है, अपराध को रोकने के लिये, उसका भी मैं समर्थन करता हूं लेकिन माननीय मंत्री जी के देखने में समस्या दूसरी तरह की है श्रौर मेरे देखने में समस्या दूसरी तरह की है। मैं मंत्री जी से चाहूंगा कि उनकी पार्टी श्रौर वे, गरीबों के लिये, पिछड़े वर्गों के लिये, हरिजनों के लिये, श्रादिवासियों के लिये छाती में दर्द लिये घूमा करते हैं तो उस दर्द को जरा सही जगह से देखें। इस श्रार्म्स एक्ट का दुरुपयोग करने वाले, उल्लंघन करने वाले सभी लोगों को सजा मिले इससे कौन इन्कार करता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या सचमुच यह हो भी रहा है या श्राप कर भी पायेंगे ? मान्यवर, मैं अनुभव के श्राधार पर यह कहता हूं कि हमारी भी सरकार रही है श्रौर श्रापकी सरकार तो श्रखंड चली श्रा रही है लेकिन गुन्डों के हथियारों को न श्राप की सरकार रोक सकी है, न हमारी सरकार रोक सकी है श्रौर न श्राप श्रागे रोक सकेंगे। नहीं रोक सकेंगे। चाहे उसका भ्रष्टाचार कारण हो, चाहे जातिवाद हो या गुंडों श्रौर डकैतों का डर हो या जो कुछ भी हो लेकिन कभी भी लाइसेंस जिस भले श्रादमी को श्राप देना चाहते हैं शायद 100 में से दो को मिल सकेगा। बाकी के लाइसेंसड हथियार 98 प्रतिशत हथियार गुंडों या गुंडों के संरक्षक के हाथों में जाते हैं। श्रार्म्स के नाम पर श्राप गरीब श्रादमी का चालान कर सकते हैं, हरिजन, श्रादिवासी, पिछड़ा वर्ग को इन लोगों से खतरा नहीं है। इन लोगों के लिये भी कोई खतरा इस देश में नहीं है जो खुद हो लोकदल में, जिसका बाप हो कांग्रेस (श्राई०) में, साला हो भाजपा में, बहनोई हो कम्युनिस्ट पार्टी में श्रौर रिश्तेदार हों दूसरी किसी पार्टी में। चाहे जिस गद्दी पर रहे उस का कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि जो भी श्राता है वह उसी में से श्राता है। जो एक ही ढर्रे से राज चल रहा है उसी में से श्राता है। जिनकी जाति का, नाते-पोते में से कोई कलेक्टर नहीं है, एस० पी० नहीं है, कोई थानेदार नहीं है, कोई मिनिस्टर नहीं है जिनका कोई सत्तारूढ़ दल का नेता नहीं है उनको हथियार नहीं मिलेंगे चाहे उनको रोज मार डाला जाए। जब हम बचपन में थे तो चोरों की बात सुना करते थे, डकैती की बात नहीं सुनते थे। तब डकैती नहीं होती थी। जो हथियार चोरों के पास रहते थे वही हथियार गांव वालों के पास रहते थे—लाठी, भाला, बरछा श्रादि। श्राज डकैतों के पास मशीनगन, दूसरी गनें, बम, राइफल्स श्राधुनिक हथियार होते हैं। वे इन हथियारों को लेकर श्राते है। गांव में गरीब श्रादमी के पास बिच्छू, सांप मारने के लिये भाला तक नहीं होता। तरकारी काटने के लिये चार इंच से बड़ा चाकू भी नहीं रख सकता। लेकिन जाति का थानेदार है, सत्तारूढ़ का है या सरदार जाति का है तो वह सब हथियार खुले श्राम लेकर चलता है। हमारे यहां ऐसे नेता है जो दो सौ, दो सौ श्रवैध हथियारों को लेकर चलते हैं। कोई उनको रोकने वाला नहीं है। उलटे उनकी रक्षा के लिये एस० पी० जाता है, डी० एस०पी० जाता है श्रौर पुलिस के लोग उनके साथ रहते हैं। एक तरफ सारे हथियार एक वर्ग के लोगों के पास जमा है श्रौर दूसरा वर्ग छोटी से छोटी लाठी, भाला भी नहीं रखता है। तो क्या गांव के लोग चोर, डकैतों का मुकाबला चाकू से, ब्लेड से करेंगे ? वे कैसे चोर, डकैतों का मुकाबला करेंगे ? जब तक यह असंतुलन बना रहेगा तब तक हरिजन बस्ती फूंकी जाती रहेगी।

तब तक डकैतियां बढ़ती रहेंगी, तब तक कमजोर वर्ग एक रुद्राक्ष की माला लेकर जपता रहेगा। लेकिन आप कमजोर वर्गों की रक्षा नहीं कर सकते। आप रक्षा तब कर सकते हैं जब या तो उनको भी हथियार देने लगें या इन गरीबों को भी हथियार दे दें। चूंकि पुराना अनुभव है कि किसी के हथियार छीन नहीं सकते हैं तो आप फिर सब को हथियार दे दीजिये। हरिजन बस्तियों में रहने वाले राइफल या बन्दूक नहीं रख सकते हैं क्योंकि आपने उन पर प्रतिबन्ध लगा रखा है और वे इस प्रकार से अपनी रक्षा नहीं कर सकते हैं। सौ-पचास रुपयों में उनको एक कट्टा मिल जाता है तो उसी से अपना काम चलाते हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि लौहार गांवों में जो हथियार बनाता है उनको आप फ्री कर दें। जो हथियार आयुध कारखानों में बनते हैं, पुलिस और सेना के प्रयोग के लिए बनते हैं, उन पर आप प्रतिबन्ध लगा दें। लेकिन गांवों में जो हथियार बनते हैं उनको फ्री कर दीजिये। आजकल क्या होता है? गांवों में जब डकैत आते हैं तो पहले यह पता कर लेते हैं कि किस के पास बन्दूक है और किस के पास अन्य कोई हथियार है। जिस व्यक्ति के पास बन्दूक या अन्य कोई हथियार होता है उसको पहले वे अपनी तरफ कर लेते हैं, लेकिन अगर वह उनकी तरफ नहीं होता है तो उस पर कब्जा कर लेते हैं। उसके बाद सारे गांव को लूटते हैं। ऐसी स्थिति में गांव में कोई भी उनका प्रतिरोध करने वाला नहीं होता है। अगर उनको यह पता ही नहीं होगा कि किस गांव में कितने हथियार हैं तो डकैती डालने से पहले वे सोचेंगे कि दूसरी तरफ के लोगों के पास भी हथियार हो सकते हैं। पहले जमाने में आपने देखा होगा कि गांवों में जब डकैतियां होती थी तो पहले जमकर लड़ाई होती थी और अगर डकैत मारे जाते थे तो वे भाग जाते थे, लेकिन अगर गांव वाले मारे जाते थे तो डाकू लूट-पाट करते थे। जब डाकू को यह पता होगा कि गांव में किसी के पास कोई हथियार नहीं है तो वे गांवों को लूटेंगे। एक तरफ तो हथियार-बन्द लोग होंगे और दूसरी तरफ निहत्थे लोग होंगे। इसमें कैसे मुकाबला होगा? कहीं-कहीं तो पुलिस वाले डकैती के मामलों में पकड़े जाते हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि एक तरफ लोगों के पास हथियार होंगे और दूसरी तरफ निहत्थे लोग होंगे तो आप देश के अन्दर शांति और व्यवस्था कायम नहीं रख सकते हैं। अगर आपको इसको रोकना है तो आप हथियारों को फ्री कर दीजिये। अगर डकैत को पता होगा कि इस गांव में लोगों के पास हथियार हैं तो वह एकदम से हमला नहीं कर सकता है। उसको पता होगा कि दूसरी तरफ से भी मुकाबला हो सकता है। जहां तक गुण्डों का सवाल है, आप किसी भी चौराहे पर चले जाइये, आप देखेंगे कि गुण्डे को यह आत्म-विश्वास होता है कि हथियार सिर्फ मेरे पास है, अन्य लोग तो निहत्थे हैं। इसलिए उसके मन में जो आता है वह करता है और लोगों को मार भी डालता है। अगर आप हथियारों को फ्री कर देंगे तो उसको अपना भी खतरा होगा। हरिजनों और कमजोर वर्ग के लोगों के पास हथियार नहीं होते हैं, इसीलिए उन पर अत्याचार होते हैं मुझे तो ऐसा लगता है कि आप ईमानदारी से इन वर्गों की रक्षा नहीं करना चाहते हैं। अगर आप चाहते तो हथियारों पर इस प्रकार से प्रतिबन्ध नहीं लगाते। इमरजेन्सी के दिनों में हम देवरिया जेल में थे। वहां पर हमने देखा कि आई० टी० आई० के स्कूल में कट्टा बनता है, पुलिस वाले आकर बनाते हैं। जब इस

[श्री राम नरेश कुशवाहा]

प्रकार की हालत है तो आप किस प्रकार से शांति और व्यवस्था को बना सकते है? इसलिए मैंने निवेदन किया कि आप हथियारों को फ्री कर दीजिये ताकि कमजोर वर्ग के लोग अपनी रक्षा स्वयं कर सकें।

एक बात यह कही जाती है कि अगर हथियारों को फ्री कर देंगे तो सशस्त्र क्रांति हो जाएगी, गड़बड़ी हो जाएगी। मैं यह कहना चाहता हूं कि पहला विश्व युद्ध धरती पर लड़ा गया था, दूसरा विश्व युद्ध आसमान पर लड़ा गया था और अब तीसरा विश्व युद्ध कोठरी में लड़ा जाएगा। आप कोठरी में बन्द होंगे और कोई भी आ कर आप पर बम गिरा जाएगा। हथियारों को फ्री करने से कोई भी सशस्त्र क्रांति नहीं होने वाली है। जब तक सशस्त्र क्रांति के लिए विदेशों से सहायता नहीं मिलेगी, विदेशी हस्तक्षेप नहीं होगा, तब तक सशस्त्र क्रांति इस देश में नहीं हो सकती है, इसका कोई डर नहीं है। आज रोज पंजाब के अन्दर इतना हल्ला हो रहा है। सरकार की अगर इच्छा होती तो दस दिन के अन्दर इसको बन्द किया जा सकता है। लेकिन आज तो स्थिति यह है कि मैं बैरी, सुग्रीव प्यारा। कोई प्रिय है और कोई अप्रिय है। इस प्रकार से काम कैसे चलेगा? आज राष्ट्रीय एकता की बात कही जाती है। ठीक है, राष्ट्रीय एकता होनी चाहिए। लेकिन अभी श्रीलंका के अन्दर आपने देखा कि किस प्रकार से हमारे हिन्दुस्तानी भाई मारे गये है। प्रधान मंत्री जी ने भी इस बारे में कहा। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या तमिलनाडु एक अलग राष्ट्र है? यह नहीं कहा कि हिन्दुस्तानी मारे जा रहे हैं, कहा तमिल मारे जा रहे हैं। आपने नहीं कहा हिम्मत के साथ कि हिन्दुस्तानियों के साथ अत्याचार हो रहा है। क्या आपने यह मान लिया है कि तमिलनाडु अलग राष्ट्र है। लेकिन लगता है कि हमारी दृष्टि खराब हो गई, आपकी दृष्टि खराब हो गई, आप सही दृष्टि से समस्या को सोचना नहीं चाहते, समझना नहीं चाहते, ईमान की कमी है नहीं तो ज्ञान की कमी है, आप जानेंगे कि किसकी कमी है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अगर आप गरीबों की रक्षा करना चाहते हैं तो अगर गांव में हथियार बन सकते हों तो इसको कानूनी कर दीजिये। अगर आप प्रतिबन्ध लगाना चाहते हैं तो रखने वाले को लाइसेंस दे दीजिये, 10-5 रुपये लेकर और बनाने वाले को भी लाइसेंस दे दीजिये ताकि आपको जानकारी रहे कि कहां-कहां हथियार बन रहे हैं। अभी हमारे एक मित्र कह रहे थे कि खुले आम ये कारखाने चल रहे हैं, पुलिस की मदद से, नेताओं की मदद से और चलेंगे। इसलिये कि जब बूथ कैप्चर करके आप चुनाव जीतेंगे जब गोली चलाकर चुनाव जीतेंगे और लोगों को दबाकर रखेंगे अवैध हथियारों के बल पर, वैध हथियारों से अपराध बहुत कम होते हैं, 95 प्रतिशत अपराध अवैध हथियारों से होते हैं ... (समय की घंटी)

मैं खत्म कर रहा हूं।

इसलिये मेरा आपसे निवेदन है कि जब आप अवैध हथियारों को रोक नहीं सकते तो सब को रखने की इजाजत दीजिये। मैंने संशोधन दिया है वह यही दिया है। अगर इजाजत हो तो मैं उस संशोधन को पढ़ दूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश गोस्वामी) : जरूरत नहीं।

श्री राम नरेश कुशवाहा: मैं अपनी बात समाप्त करते हुए माननीय सेठी जी से यह कहना चाहता हूं कि ...

उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश गोस्वामी) : श्री लस्कर ।

**श्री राम नरेश कुशवाहा** : हैं नहीं मंत्री महोदय । मैं कानून मंत्री जी और गृह मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि आपको अगर रत्ती भर भी इस देश के गरीबों का ख्याल है, हरिजन, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों का ध्यान है तो निश्चित रूप से यह काम कीजिये । इन चंद शब्दों के साथ मैं आपसे विदा लेता हूं। धन्यवाद ।

**श्री नरेन्द्र सिंह** (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, यह आर्म्स अमेंडमेंट बिल, 1983 जो है इसका समर्थन करने के लिये मैं खड़ा हुआ हूं और मैं इसका समर्थन करता हूं ।

मान्यवर, जो आज देश की स्थिति है, जो कानून और व्यवस्था की स्थिति है, तमाम तरफ से, चाहे वह पंजाब हो, चाहे असम हो, देश का कोई भी हिस्सा हो, जो वाइलेंस बढ़ रहा है, जो हिंसा बढ़ रही है, ऐसी स्थिति में सरकार के द्वारा जो यह बिल लाया गया है उचित है । लेकिन ऐसा लगता है कि इस बिल को पेश करने के पहले पूरे तरीके से इस पर विचार नहीं किया गया । ऐसा भी हो सकता है कि जल्दी में यह बिल लाया गया हो क्योंकि अगर इसके प्रोविजंस को देखें तो एक इसमें जो प्रावधान है, हालांकि उस प्रावधान के इरादे के बारे में, जो उसका दृष्टिकोण है, वह ठीक हो सकता है, मैं उसमें शक नहीं करता हूं । लेकिन अगर लाइसेंसिंग अथारिटी रिपोर्ट मांगती है और पुलिस के द्वारा निश्चित समय के अंदर रिपोर्ट नहीं आती है तो लाइसेंस ग्रान्ट कर दिया जायेगा । मान्यवर, इसमें कोई शक नहीं कि पुलिस के लोग गरीब लोगों को बहुत परेशान करते है, लाइसेंस के सिलसिले में, रिपोर्ट देने के सिलसिले में । दूसरी तरफ सी० आर० पी० सी० में, 1973 में जो एक प्रावधान किया गया है, मुझे सेक्शन इस समय याद नहीं है, कि अगर 60 दिन के अंदर चार्जशीट नहीं आती है तो जमानत मंजूर कर दी जायेगी । नतीजा यह हुआ कि लोगों ने पुलिस को अप्रोच करना शुरू किया और जो तमाम मर्डरर्स थे जो हार्डेन्ड क्रिमिनल्स थे और जो लोग पैसा खर्च कर सकते थे, उन्होंने यह व्यवस्था कर ली कि उनकी 60 दिन के अन्दर चार्जशीट न आये और अदालत को मजबूर होकर उनको जमानत पर छोड़ना पड़े । तो इस पर विचार करने की जरूरत है और एक बहुत बैलेन्स्ड व्यू इस पर रखने की जरूरत है। इसमें कोई ऐसी व्यवस्था हो जिससे पुलिस का जवाब तो तलब किया जाये कि क्यों आपने रिपोर्ट नहीं भेजी । एक टाइम दे दिया जाए कि इतने दिन और इतना समय आपको दिया जाता है लेकिन बिलकुल बिना पुलिस की रिपोर्ट के हालांकि पुलिस रिपोर्ट भी आजकल जो शिकायतें आ रही हैं आजकल जैसे देखने में आता है कि जो आदमी पैसा खर्च कर देता है, मुझे इस बात को कहने में कोई संकोच नहीं है कि जो क्रिमिनल हैं वे पैसा खर्च करके अपने फेवर में रिपोर्ट लिखवा लेते हैं, और जो भला आदमी है वह दो-दो, चार-चार महीने दौड़ता रहता है...

**श्री लाडली मोहन निगम** (मध्य प्रदेश) : पुलिस से हथियार ले कर हत्या करता है वह भी बता दीजिए ।

**श्री नरेन्द्र सिंह** : वह आप बता दीजिएगा । तो इस पर कोई ऐसा तरीका निकाला जाना चाहिए जिससे कि पुलिस का रिपोर्ट जरूरी हो क्योंकि ला एंड आर्डर मेनटेन करना पुलिस का काम है । तो कोई ऐसी व्यवस्था इस पर जरूर होनी चाहिए ।

दूसरा इसमें एक बहुत अच्छा प्रावधान है, उसके लिये मैं सरकार को, गृह मंत्री

]श्री नरेन्द्र सिंह]

जी को बधाई देता हूं। इन्होंने सीलिंग की है कि तीन से ज्यादा हथियार नहीं होने चाहिएं। मैं तो अपने भाई रुद्र प्रताप सिंह जी को इन्होंने कहा है कि 6 असलहे इनके पास हैं तीन मुख्य मंत्री को वे दे देंगे ताकि वे उत्तर प्रदेश में म्यु-जियम में रखे जाएं इस तरीके से बहुत से लोगों को करना चाहिए। यह बहुत अच्छी बात है। इसके लिये मैं उनको बधाई देता हूं। एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि यह तीन का प्रावधान कैसे रखा गया है? क्या दो काफी नहीं हैं? तीन की बात कैसे आई? एक लाइट वेपन हो सकता है। पिस्टल आदमी रख सकता है और एक राइफल हो सकती है। यह तीन की क्या जरूरत थी? तीन के बजाय यदि दो हथियार हों क्योंकि एक हथियार से ज्यादा अगर कोई आदमी रखता है तो इसके मायने यह है कि दर-असल वह सुरक्षा के लिए नहीं रखना चाहता है बल्कि वह दिखावे के लिए, अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिये रखना चाहता है। सुरक्षा के लिये कोई तीन हथि-यारों की जरूरत नहीं है उसके लिये आप दो रख सकते हैं एक लाइट वेपन पिस्टल आदि हो सकती है और एक राइफल या गन। इस तरीके से हो सकता है। इसलिये दो जरूरी है। लेकिन यहां कुछ लोगों को इस पर कष्ट हो रहा है कि हमारे जो पुराने असलहे हैं वे जब्त हो जायेंगे, वह देने पड़ेंगे, सरेंडर करने पड़ेंगे। इससे उनको तकलीफ हो सकती है। कहीं कहीं ऐसा भी हो सकता है कि वे बहुत पुराने हथियार हों और म्युजियम में रखने के काबिल हों। अगर यह पुलिस के लोगों को दे दिये जायें तो वे इन्हें अपने म्युजियम में रख लेंगे तो उसकी कुछ ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए एक टाइम दे करके कि उनकी सेफ कस्टडी की गारन्टी होनी चाहिए कि जो हथियार जमा होंगे इनमें बहुत से पुराने ऐतिहासिक महत्व के भी हो सकते हैं उनको सेफ कस्टडी में रखा जाएगा, सुरक्षित रखा जायेगा और इसी जगह में एक बात और कहना चाहता हूं कि कोई भी चीज किसी से अगर ली जाए तो उसका मुआवजा जरूर दिया जाना चाहिए। हालांकि यह भी मैं मानता हूं कि अगर किसी के पास आठ-दस असलहे हैं ये गरीब लोगों के पास नहीं होंगे लेकिन चाहे कोई भी हो मुआवजा जरूर दिया जाना चाहिए। इसके बारे में कुछ नियम बनाए जाने चाहिए कि इस पर इतना मुआवजा दिया जायेगा। बिना मुआवजा के किसी की चीज लेना किसी की वस्तु लेना मुनासिब नहीं है। उसका मुआवजा दिया जाना चाहिए। अब मान्यवर, आर्म्स एक्ट में प्रावधान है कि तहसील से या थाने से रिपोर्ट मांगी जाती है कि इस आदमी के पास हथियार रखने की जगह भी है या नहीं, इसके पास सम्पत्ति है या नहीं। पुलिस तो रिपोर्ट दे दे कि इसका चाल-चलन अच्छा है लेकिन तहसीलदार कहता है कि इसके पास खाने के लिये नहीं है रहने के लिये जगह नहीं है। मान्यवर, यह सही है कि सम्पत्ति की रक्षा होनी चाहिए क्योंकि इसमें है कि आप की प्रोटेक्शन के लिये, प्रापर्टी की प्रोटेक्शन के लिए लाइसेंस की जरूरत तो होनी ही चाहिए। मान्यवर, मेरा निवेदन यह है कि इसमें प्रापर्टी के साथ-साथ परसन की, व्यक्ति की सुरक्षा बहुत जरूरी है। आज जो गांवों में डकैतियां होती हैं पहले और आज में फर्क हो गया है। पहले यह होता था कि ऐसे आदमी के यहां डकैती पड़ती थी जिसके यहां रुपया पैसा होता था, धन होता था, लेकिन आज होता यह है कि डकैत लोग जाते हैं और गांव के किनारे के 10 हरिजनों के, गरीब लोगों के घरों को लूट लेते हैं, क्योंकि उनके पास तो डंडा भी नहीं होता है अपने बचाव के लिए। तो मान्यवर, जैसा कि

सरकार की नीति है, अतः इन गरीब लोगों को भी लाइसेंस मिल सकें, ये गरीब लोग भी अपनी सुरक्षा के लिए अस्त्र रख सकें, इस तरह की कोई व्यवस्था होनी चाहिए।

मान्यवर, दरअसल जो समस्या है वह लाइसेंस्ड आर्म्स की नहीं है। लाइसेंस्ड आर्म्स तो आपके पास रिकार्ड में हैं, कभी भी आप चाहें उनको जमा करा लीजिये। प्राब्लम है अनलाइसेंस्ड आर्म्स की, इल्लीगल आर्म्स की और इल्लीगल आर्म्स किस के पास हैं? बात साफ है कि इल्लीगल आर्म्स कमजोर लोगों के पास नहीं हैं। इल्लीगल आर्म्स हैं, ताकतवर लोगों के पास, मजबूत लोगों के पास। वैसे तो किसी के पास इल्लीगल आर्म्स हैं तो उसको सजा का प्रावधान है लेकिन मैं गृह मन्त्री जी से कहना चाहूंगा कि इसके लिये 10 दिन का या 15 दिन का एक ड्राइव होना चाहिए, जिसका कि लोगों को पता न हो और जिसमें सारे देश में लोगों के पास जो इल्लीगल आर्म्स हैं उनको सख्ती के साथ बिना किसी रियायत के ले लेना चाहिए। मैं तो इसमें यह भी कहने के लिये तैयार हूं कि चाहे वह बहुत ही पवित्र से पवित्र जगह क्यों न हो अगर वहां पर इल्लीगल आर्म्स हैं तो वहां पर उनको नहीं रखा जा सकता है, कोई इल्लीगल चीज नहीं रखी जा सकती है क्योंकि इल्लीगल चीज के रखने से वह पवित्र स्थान भी अपने आप में अपवित्र हो जायेगा। इस इस तरह का एक ड्राइव होना चाहिए। मान्यवर, मुझे इसका एक तजुर्बा है। मैं उनका नाम नहीं लूंगा क्योंकि वे मेरे मित्र हैं। मेरे पड़ोस में एक जिला है, उन्नाव। उन्नाव में बहुत इल्लीगल आर्म्स है। मैंने उनसे कहा कि एक काम कर सकते हो कि अगर वहां गरीब आदमी की हिफाजत करना चाहते हो तो इल्लीगल आर्म्स को रिकवर कराओ। उन्होंने कैम्प करके तमाम जगहों में, कई हजार इल्लीगल आर्म्स रिकवर किये। तो अगर पुलिस चाहे और प्रयास हो तो इन इल्लीगल आर्म्स की रिकवरी हो सकती है मान्यवर, इन इल्लीगल आर्म्स के बारे में ऐसा नहीं है कि छोटे-छोटे आर्म्स ही इल्लीगल आर्म्स में आते हों, बड़े-बड़े सोफिस्टीकेटेड वीपन्स जैसे स्टेन गन, राइफलस, लाइट मशीन गन्स आदि भी डकैतों के पास हैं। कहां से ये आये इनके पास? अक्सर ऐसा सुनने में आता है कि फलां डकैत पकड़ा गया उसके पास से ब्रेन गन पकड़ी गयी, स्टेन गन पकड़ी गयी और इतने हजार कारतूस पकड़े गये। मैं सरकार से यह जानना चाहूंगा कि उनके पास ये हथियार कहां से आये? या तो ये बाहर से आये या हमारे यहां के लोगों ने जिनके पास इस तरह के हथियार हो सकते थे, उन लोगों ने उनको वे हथियार सप्लाई किये, अतः इस पर ख्याल करने की जरूरत है कि इल्लीगल आर्म्स के साथ जो इल्लीगल अम्यूनिशन्स हैं वे बड़ी तादाद में उनके पास कहां से पहुंच जाते हैं। इस बात को देखनेकी जरूरत है।

मान्यवर, ये जो लीगल आर्म्स लाइसेंस्ड आर्म्स हैं इनका अपराध करने के लिये, जुर्म करने के लिये बहुत कम उपयोग होता है, ज्यादातर अनलाइसेंस्ड आर्म्स ही इस्तेमाल किये जाते हैं। तो लाइसेंस्ड आर्म्स की, जैसा मैंने कहा कि प्राब्लम नहीं है। प्राब्लम है इल्लीगल और अनलाइसेंस्ड आर्म्स की और उसकी व्यवस्था करने की जरूरत है।

अब मान्यवर, यह एक अवसर है इसलिए मैं उसका लाभ उठाना चाहता हूं। हमारा कानपुर जनपद है वह डाकू ग्रस्त इलाका घोषित है। वहां यमुना के किनारे के गांवों में पुलिस तो पहुंच नहीं पाती है और लोगों के पास आर्म्स नहीं हैं। हम कलेक्टर से बात करते हैं तो कलेक्टर कहता है कि राइफल का लाइसेंस देने की इजाजत नहीं है। पुलिस हिफाजत कर नहीं सकती है,

[श्री नरेन्द्र सिंह]

**लाइसेंस आप दे नहीं सकते, आखिर कैसे लोगों की हिफाजत होगी ?** मान्यवर, इस तरीके को व्यवस्था की जरूरत है, इस तरीके के इंस्ट्रक्शंस जारी करने की जरूरत है जिससे गरीब लोगों की हिफाजत हो सके, कमजोर लोगों को हिफाजत हो सके, वह अपनी रक्षा कर सकें, उनकी सुरक्षा हो सके।

तो, मान्यवर, मैं गृह मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि जो हमने सुझाव दिये हैं और जो हमारे कई एक मित्रों ने सुझाव दिये हैं, उनको ख्याल में रखते हुए कोई एक अच्छा अमेंडेड बिल लायें जिससे कि जो इस बिल में कमियां रह गई हैं, उनको पूरा किया जा सके, उनको दूर किया जा सके।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और, मान्यवर, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे कुछ कहने का मौका दिया।

**श्री सूरज प्रसाद (बिहार) :** महोदय, इस बिल के जरिए सरकार समाज विरोधी तत्व जो समाज में फैले हुए हैं, उनके नियंत्रण करने के उद्देश्य से इस बिल को और भी अधिक कठिन और कठोर बनाना चाहती है, लेकिन लगता यह है कि, और इसलिए बिल के अन्दर कुछ ऐसी बातें कही गई हैं जिससे लगता यह है कि सचमुच में सरकार कुछ करना चाहती है। लेकिन सरकार का जो उद्देश्य है, वह इस बिल से पूरा होने वाला नहीं है। दो प्रोवीजन, दो उपबंध इस बिल में महत्वपूर्ण हैं। एक यह है कि सरकार आग्नेय आस्त्रों को सीमित करना चाहती है और दूसरा यह कि जो डिस्टर्ब्ड एरिया हैं, जो गड़बड़ी वाले इलाके हैं, उन इलाकों के अंदर जिनके पास आग्नेय अस्त्र हैं, उनको एक विज्ञप्ति के द्वारा, अगर उस इलाके में गड़बड़ है, तो समर्पण कराने या लेकर चलने पर पाबन्दी लगाना चाहती है।

प्रश्न यह है कि क्या सरकार के यह दोनों उद्देश्य पूरे हो सकते हैं। अगर देखा जाए, तो पाया यह जाता है कि आग्नेय अस्त्र आम तौर पर आजकल तीन-चार तरह के लोगों के पास हैं : गांवों में जो भूस्वामी हैं, पुराने जमींदार हैं, राजा और महाराजा हैं और धनी किसान हैं, जिनके पास कानूनी आग्नेय अस्त्र है और उनके पास जितने आग्नेय अस्त्र कानूनी नहीं हैं, उनसे कई गुना अधिक गैर-कानूनी अस्त्र हैं और कानूनी अस्त्र महज पर्दा का काम कर रहे हैं गैर-कानूनी अस्त्रों को रखने के लिए।

दूसरे जो अस्त्र पाये जा रहे हैं, वह गुंडा तत्वों के पास--चाहे वह गांवों में रहते हों, या औद्योगिक क्षेत्रों में रहते हों और तीसरे जो अब आग्नेय अस्त्र हैं, वह आतंकवादियों के पास--चाहे वह वामपंथी आतंकवादी हों या दक्षिणपंथी आतंकवादी हों, सब से जो चिंता का विषय है, वह यह है कि देश के अंदर जितना आजकल कानूनी अस्त्र नहीं हैं, उससे कई गुना अधिक गैर-कानूनी अस्त्र हैं। ऐसी स्थिति में मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि क्या देश के अन्दर असंख्य संख्या में जो गैर-कानूनी अस्त्र हैं, क्या इस बिल के जरिए उन पर कोई नियंत्रण रखा जा सकता है? और यह जो अस्त्र हैं आज वह अस्त्र आमतौर पर कानून के अन्दर अस्त्र मिलता है जान और माल की हिफाजत के लिए लेकिन इन अस्त्रों का इस्तेमाल हो रहा है भूस्वामियों के द्वारा गांव के अन्दर जब कोई भूमि सम्बन्धी आन्दोलन होता है या न्यूनतम मजदूरी सम्बन्धी कानून को लागू करने के सम्बन्ध में आन्दोलन होता है। ये अस्त्र भूस्वामियों द्वारा दबाने में इस्तेमाल होते हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में जो माफिया

गैंग तैयार हो गये है वे अपने ट्रेडयूनियन प्रतिद्वन्द्वियों को दबाने के लिए इस्तेमाल करते हैं या औद्योगिक मजदूरों को दबाने के लिए इस्तेमाल करते हैं । आसाम और पंजाब में जो अभी अस्त्र-शस्त्र का इस्तेमाल हो रहा है वह एक राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए हो रहा है । उन आतंकवादियों के पास देशी हथियार ही नहीं हैं बल्कि विदेशी हथियार भी उन्हें प्राप्त हैं । वे उन्हें कहां से मिलते हैं सरकार को जानकारी होगी । इन अस्त्र-शस्त्र का इस्तेमाल चुनाव के दौरान बूथों पर कब्जा करने के लिए होता है । सब से अधिक इस का इस्तेमाल आजकल इस राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए होता है । मैं तो बिहार से आता हूं और मुझे इस बात की जानकारी है कि बिहार के अन्दर गैरकानूनी हथियारों को बनाने के लिए कई कारखाने बने हुए हैं जहां आसानी से पाइप गन मिल सकती है सौ और दो सौ रूपये में । ऐसी स्थिति में मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि गैरकानूनी हथियार जो गांवों के अन्दर जमींदार, धनी किसान, पुराने राजा-महाराजा और भूस्वामियों के हाथों में जमा हो गये हैं क्या सरकार उन्हें जब्त करने की दिशा में कोई कदम उठाना चाहती है?

इस बिल के अन्दर कहा गया है किसी भी आदमी के पास तीन से अधिक हथियार नहीं हो सकते । हमारे यहां संयुक्त परिवार है । एक ही परिवार के अन्दर में जब कोई बालिग हो जायेगा इस कानून के मुताबिक 21 वर्ष का हो जायेगा उसे भी हथियार प्राप्त करने का अधिकार हो जाता है । ऐसी स्थिति में तीन की जो सीमा रखी गयी है वह बेकार है । एक ही परिवार के अन्दर कई आदमी होंगे जिन्हें तीन से अधिक हथियार रखने की आजादी मिल जाती है इस कानून के जरिये । यह सही है कि पहले लोग असंख्य हथियार रखते थे, राजा-महाराजाओं के पास हथियारों की सीमा नहीं रहती थी । तीन की बात कही जा रही है । इस से भी अधिक हथियार लोग रख सकते हैं, जैसी कि हमारे यहां परिस्थिति है ।

यह जो आर्म्स एक्ट है यह 1959 से है । पहले भी आर्म्स एक्ट रहा होगा, मैं अन्दाजा करता हूं । इस के मुताबिक जान और माल की हिफाजत करने के लिए आग्नेअस्त्र प्राप्त किये जा सकते हैं । किस के पास अस्त्र हैं अभी कानून के मुताबिक? भूस्वामियों के पास, राजा-महाराजाओं के पास, जमींदारों के पास, धनी किसानों के पास । यह कानून हथियार दे सकता है समाज के दबंग लोगों को, यह कानून हथियार दे सकता है जिन के पास धन है । मैं सरकार से यह पूछूं कि जब से यह कानून बना है तब से क्या इस कानून के जरिए गांवों के अन्दर कोई भी हरिजन, कोई भी आदिवासी, कोई भी मध्यम किसान अग्नेअस्त्र प्राप्त कर सका है? नहीं । लगता यह है कि कानून बना कर सरकार महज गांवों के अन्दर जो धनी लोग हैं उन के स्वार्थों की रक्षा करने के अलावा कुछ नहीं प्राप्त करना चाहती है ।

3 P.M.

दूसरी बात इसी से निकलती है कि सरकार के सामने धन का, माल का ज्यादा महत्व है जान से । ऐसी स्थिति में गांवों में जो कमजोर वर्ग के लोग हैं उन्हें हथियार इस कानून के जरिये नहीं मिलता है । हम ही नहीं, कई

[श्री सूरज प्रसाद]

लोगों ने इस संबंध में अपनी बात बतायी है । इसलिये मैं चाहता हूं कि इस कानून में इस तरह का प्रावधान [illegible] जाना चाहिए कि कानून के अंदर [illegible] जान की हिफाजत के लिये अगर को[illegible] [illegible] जन या कोई आदिवासी या कमजोर वर्ग का आदमी या गरीब किसान या मध्यम किसान अपनी जान की हिफाजत के लिये आग्नेयास्त्र प्राप्त करना चाहे तो इस कानून के दायरे के अंदर उसे वह प्राप्त करने का प्रावधान किया जाना चाहिए, जो इस कानून के अंदर नहीं है। जहां तक मैं समझ पाया हूं इस कानून को लाने का कारण पंजाब और आसाम की समस्या है । उस ने मजबूर किया है सरकार को इस को लाने के लिये । मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार इस कानून के जरिये पंजाब के अंदर आतंकवादियों के पास जो हथियार हैं उन हथियारों को जब्त कर सकती है इस कानून के पास हो जाने के बाद? मैं समझता हूं कि यह असंभव है । अभी हम लोग यह सुन रहे हैं कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में हथियार काफी संख्या में जमा हैं । क्या इस कानून के पास हो जाने के बाद मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि आप यह हिम्मत दिखायेंगे कि अमृतसर के स्वर्ण मन्दिर में जो हथियार जमा हैं उन को जब्त करने की दिशा में कोई कदम उठायेंगे ? मेरी समझ में तो यह संभव नहीं है ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि इस कानून के अंदर ऐसा संशोधन किया जाना चाहिए कि एक आदमी के पास एक से अधिक हथियार न हों । इस के लिये मैंने संशोधन भी दिया है और मैं समझता हूं कि सरकार को उस संशोधन को मान लेना चाहिये ।

तीसरी बात जो इस कानून के संबंध में मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि यह कानून अधूरा है । यह कानून संकीर्ण है । एक व्यापक कानून बनाया जाना चाहिए ताकि और तरह की बातें और विचार जो माननीय सदस्यों ने यहां बहस के दौरान रखे हैं उन का समावेश इस में हो सके । आज देश में जो आतंकवादियों की लहर फैल रही है उस के पीछे सामाजिक और आर्थिक कारण हैं और जब तक सामाजिक और आर्थिक कारणों और इन कमियों को दूर नहीं किया जायेगा और इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जायेगा मैं समझता हूं कि इस कानून के जरिये इस आतंकवाद का मुकाबला नहीं किया जा सकता । इसलिये सरकार को इस दिशा में भी सोचना चाहिए । देश में पंजाब की जो समस्या है वह महज कानून और व्यवस्था की समस्या नहीं है । उस के पीछे आर्थिक और राजनीतिक कारण भी निहित हैं और इस लिये इस दिशा में भी कदम उठाना चाहिए ताकि इन समस्याओं का समाधान निकल सके ।

**श्री शांति त्यागी** (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, प्रस्तुत विधेयक 1959 के आर्म्स ऐक्ट में संशोधन के वास्ते पेश किया गया है और 22 जून 1983 के आर्डिनेंस का स्थान लेगा ।

[**उपसभाध्यक्ष (श्री आर० आर० मोरारका)** पीठासीन हुए।]

मैं इस विधेयक का समर्थन करते हुए कुछ सुझाव रखना चाहता हूं और चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी उन सुझावों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें। इस में दो राय नहीं कि हमारे देश में हिंसा का

वातावरण बढ़ रहा है । बहुत तेजी में हिंसा की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है । उदाहरण के लिये देश में कुछ ऐसे इलाके हैं जहां खूंखार डाकूओं के अड्डे हैं जो रक्तपात करते हैं हत्या और बलात्कार करते हुए भले घरों को उजाड़ते हैं । ऐसे इलाकों में असाधारण तौर पर भयंकर हथियारों को पकड़ने के लिये विधेयक में कुछ व्यवस्था होनी चाहिए थी, जो नहीं है ।

नम्बर दो, मैं यह भी कहूं कि देश में ऐसे भी इलाके हैं जहां हरिजनों और पिछड़े वर्ग को शक्तिशाली वर्ग वोट नहीं डालने देता । पोलिंग स्टेशन तक नहीं जाने देता ।

अपने हथियारों के बल पर शक्तिशाली वर्ग उनकी जमीनों पर भी जो कि 20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत उनको मिली हुई हैं, उन पर भी कब्जा करते हैं । ऐसे इलाकों में गरीबों को अपनी रक्षा के लिए कुछ न कुछ हथियार देने की व्यवस्था प्रस्तुत विधेयक में होनी चाहिए थी जो मैं समझता हूं कि नहीं है । इसलिए मैं चाहता हूं कि इस के विषय में मंत्री जी के क्या विचार हैं वह फरमायें ।

तीसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि कुछ स्थान हमारे देश में ऐसे हैं जहां पर कम्यूनल टैंशन बराबर रहती है । कुछ स्थान तो इस बारे में बड़े बदनाम हो गये हैं । ऐसे स्थानों पर गैर कानूनी आर्म्स को पकड़ने के लिए क्या व्यवस्था की गई है यह बतायें । मैं चाहता हूं कि किसी भी जाति के जो जाने-माने साम्प्रदायिक तत्व हैं जो हथियार रखते हैं और उनका दुरुपयोग करते हैं, उनके हथियारों पर प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिए जो कि इस विधेयक में नहीं किया गया है ।

मान्यवर, मैं यह भी जानना चाहता हूं कि जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने भी इसका जिक्र किया है कि बहुत से धार्मिक संगठनों एवं व्यक्तियों के पास स्टेन-गन आदि जैसे हथियार रहते हैं । मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि धर्म के लिए हथियारों की क्या आवश्ता है । पूजा के स्थलों पर पूजा न करके वहां पर गैर कानूनी हथियार जमा हों, यह बड़ी गलत बात है । इसलिए मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि ऐसे व्यक्ति या संगठनों के हथियारों को वापस लेने के लिए कदम उठाना चाहिए और सख्ती के साथ उनके गैर कानूनी हथियारों को जब्त करना चाहिए ।

श्रीमन, अंतिम दो बातें कहकर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा । जैसा कि माननीय श्री नरेन्द्र सिंह जी ने कहा कि सारे देश में गृह विभाग को एक जांच करानी चाहिए, सर्वे कराना चाहिए जहां पर कि गैर-कानूनी आर्म्स हैं, चाहे किसी बड़े घर में हों या डाकुओं के पास हों या उनके इलाकों में हों और उनको पकड़ने के लिए बड़ी मुस्तैदी के साथ गृह मंत्रालय को कदम उठाने चाहिए और एक पूरी मुहिम चलानी चाहिए । लेकिन मौजूदा हालत में इस विधेयक में इस तरह की व्यवस्था नहीं की गई है जो कि मेरी राय में आवश्यक है ।

दूसरी बात जो मुझे कहनी है वह यह है कि जिन लोगों का लाइसेंस मिल सकते हैं उनकी उम्र बढ़ाकर 16 वर्ष से 21 कर दी गई है मैं चाहता हूं कि यह उम्र 21 के बजाय 18 वर्ष रखें । यह हमारे देश के नौजवानों के जो विचार हैं, उनको जो आकांक्षायें हैं

[श्री शान्ति त्यागी]

उनके अनुरूप बात होगी और आप उनके साथ न्याय कर सकेंगे ।

अन्त में इस विधेयक का मैं समर्थन करता हूं; लेकिन यह जरूर कहूंगा कि यह विधेयक और अन्य जो कुछ विधेयक आये हैं उनमें बड़ी जल्दबाजी की गई प्रतीत होती है क्योंकि उनमें बहुत खामियां हैं । उनके आब्जेक्टिव्स बहुत साफ नहीं हैं और कम से कम जो धारायें उनके अन्तर्गत हैं वह बड़ी कंफ्यूजिंग हैं, उनमें इजाफा करने की आवश्यकता है और उनको संपूर्ण रूप में रखने की आवश्यकता है ।

इन्हीं शब्दों के साथ माननीय उपसभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस विधेयक पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया ।

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman. Sir, the Bill which is before us, the Arms (Amendment) . Bill, !983, seems to be defective. It is not comprehensive. The whole problem which they have dealt with is about amendment of section 3, amendment of section 13, amendment of section 9 and other sections. So far as these sections are concerned, I would like to make < some comments on two or three section-.. In clause 3—amendment of section 3— it has been stated:

"Notwithstanding anything contained in sub-section (1). no person, other than a person referred to in sub-section (3), shall acquire, have in his possession or carry, at any time, more than three firearms:"

I would like to know why this number of three firearms has been put in this Bill. Why not one? Is there any need for a person to have more than one firearm for his safety? So it seems any person can have three firearms, in his name, in the name of his son, in the name of his wife and so on. In this way they can have more firearms. Secondly so far as amendment of Section s is concerned, it has been stated:

"Notwithstanding anything contained in sub-section (1), a person may. without holding a licence in this behalf, sell or transfer any arms or ammunition which he lawfully possesses for ais own private use to another person woa> is en:itled by virtue of this Act or any other law for the time being in force to have, or is not prohibited by this. Act or such other law from having in his possession such arms or ammunition."

That means, in a way licence has been given to persons who have lawfully held arms in their possession, who can sell to any person who is entitled to have firearms. So I would like to impress upon the Minister that laws should be made in such a way that alt those persons who possess arms, whether legally or illegally, whether under licence or not. all of them should have registered their names with the concerned police station or the concerned authorities; otherwise, ■ it is very difficult to control the number of arms-which they possess with them.

Thirdly, so far as amendment to Section 9 is concerned, I welcome it. For the word "16 years', the word '21 years'" shall be substituted. All right. 'Sixteen' is too early an age for a person to have firearms. The age can be raised to 18 or 21. f have no quarrel with that. I welcome that.

Another loophole I find in this Bill is with regard to the amendment to Section 13. It says,

"In Section 13 of the principal Act,. for sub-section (2), the following subsections shall be substituted, namely:— (2) On receipt of an application, the licensing authority shall call for the report of the officer in change of the nearest police station on that application, and such officer shall send his report within the prescribed: time."

Bat Jater on N has been stated that if the concerned police officer is not in a position to send bis report, then automatically the licence will be granted to the applicant, it is here that 1 say that people who are really not entitled to tiave a licence, may lure the police officers and the police leers, in collusion with such people, may ignore to send the report deliberately. Thus all those persons who are not entitled to have licences will get licences under this amendment So ! want me Home Minister to seriously consider this lacuna, This amendment wlii prove very igerous because under (his all the .anti-social elements are enabled to get licences for arms. These are some of the comments I wanted to make with regard .to these sections.

( would then like to know from the Minister whether the licences for arms, firearms, which have been so far granted. .have been issued properly or nol. whether the Government has seriously considered this question at all, and whether the Government is going to take necessary steps or have necessary machinery for -verifying the persons who are really in need of arms, to ensure that these who really do not need firearms do not get at them. N there any machinery by which ^you can control the issuing of arms licences. So far as the common people are concerned, we are seeing how some anti social elements, some big people, arc harassing them, how they are committing atrocities on the weaker sections of the society, especially those «1io are not in a position to defend themselves. So the Government must help such weaker sections from groups or societies. But you have to create a machinery in each village and each pasti where people, as a group, should be able to defend the society or village or basti. For that purpose, firearms should be available to ihem as a group, not as individuals. I do not think that this Bill has any such provi-, sion. Those who really need protection should he protected. Now-a-days we all Tknow that law and order problem is there everywhere. So strict measures should be taken to see that innocent people tire protected. We all read news of murders taking place, loot taking place. Strict measures should be fafen to see that such things do not happen in future and anti-social elements should not be encouraged to get firearms.

**श्री शांति त्यागी :** उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे एक माननीय सदस्य बिहार सरकार में मंत्री बन गये हैं और अभी वे यहां पर आए हुए हैं। क्या हम उनको मुबारकबाद दे सकते हैं ?

**उपसभाध्यक्ष (श्री आर० आर० मारारका) :** जी नहीं। श्री नत्था सिह।

**श्री नत्था सिह** (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय गृह मंत्री जी सदन के अन्दर जो बिल लाये हैं उस पर चर्चा चल रही है। उसके संबंध में दो शब्द मैं भी कहना चाहूंगा। राजस्थान के जिस इलाके से मैं आता हूं वहां पर डकैती की बहुत ज्यादा वारदातें होती हैं। यह इलाका उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है। मैं राजस्थान के धौलपुर और भरतपुर इलाके से आता हूं। इस इलाके के बारे में मैं कुछ घटनाएं सदन में बतलाऊंगा। वहां पर गांवों में और छोटे छोटे नगरों में हरिजनों की अलग अलग बस्तियां बनी हुई हैं। इन गांवों में डकैत बन्दूक ले करके, हथियार ले करके उन पर आक्रमण कर देते हैं। फायरिंग करके, डरा करके माताओं और बहिनों को घरों से निकाल कर उनके पास जो भी कड़े या दूसरे गहने होते हैं उनको छीन लेते हैं। कानों में जो भी बालियां या दूसरी चीजें होती हैं, नथनी होती है, उन सब को उतार कर ले जाते हैं। ऐसी ऐसी घटनाएं देखने में आती है कि अगर किसी औरत का बच्चा हो रहा हो या बच्चा हुआ हो तो उसके पास से भी सारी चीजें ले जाते हैं। कहते हैं कि फलां की बहू कहां है ?

[श्री नत्था सिंह]

उनके पैरों पर जो भी चीजें होती हैं उनको उतार कर ले जाते हैं। इस तरह से औरतों के सारे जेवर उतार लिये जाते हैं। ऐसी घटनाएं मेरे इलाके राजस्थान में आए दिन होती रहती हैं। भरतपुर, धौलपुर, करौली और सवाई माधोपुर के इलाकों में और उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर लगने वाले इलाकों में ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। इसलिए माननीय मंत्री जी से मैं एक निवेदन करूंगा कि जैसा अभी थोड़ी देर पहले एक माननीय सदस्य ने इस सदन के अन्दर कहा था कि शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स् के लोग जिन गांवों में बसते हैं या जिन अलग-अलग नगरियों में बसते हैं उनके गांव में तीन-चार लोगों को लायसेंस अवश्य मिलने चाहिएं। मैं माननीय मंत्री जी से यह भी निवेदन करूंगा कि शैड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों को और हरिजनों को मुफ्त में हथियार दिये जायें क्योंकि उनके पास इतना पैसा नहीं होता है कि वे हथियार खरीद सकें। कम से कम हाफ रेट पर उनको हथियार दिये जाने चाहिएं। मेरा सुझाव तो यह है कि हर गांव में जहां पर हरिजन बस्तियां हैं, जहां पर शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स की अलग अलग बस्तियां हैं, उनको मुफ्त में हथियार दिये जायें ताकि उन पर कोई अत्याचार न करने पाये और इस तरह की घटनाएं न होने पायें... (**व्यवधान**)। मौलवी साहब कह रहे हैं कि उनको ट्रेनिंग भी दी जाय। मैं उस इलाके से आता हूं जहां पर इस तरह की घटनाएं होती हैं। मैं यह कहना चाहूंगा कि कुछ प्रान्तों में शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग पुलिस में और फौज में अधिकारी भी होते हैं। या जो भी आई. ए. एस. आफिसर हैं, कलेक्टर हैं, डिप्टी सुपरिटेन्डेंट हैं, आई. जी. हैं, थानेदार हैं उनको कलम देकर दफ्तरों में लगाये रखते हैं और थानेदार को किसी थाने में नहीं लगायेंगे, उसको लाइन में बैठा देंगे, एस. पी. को दफ्तर में बैठा देंगे, आई.जी. को किसी जिले में नहीं लगायेंगे। यह हालत राजस्थान और देश के हर प्रान्तों की है। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब्स् के जो अधिकारी हैं, पदाधिकारी हैं, उन को इन इलाकों में लगाया जाय। मैं इतना ही कहकर आप लोगों से क्षमा चाहता हूं और इस बारे में मेरे यही सुझाव हैं।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : (बिहार) उपाध्यक्ष महोदय, अभी जिस विधेयक पर सदन में विचार हो रहा है, मैं दो-चार बातों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। सर्वप्रथम जिस विचार को माननीय सदस्य श्री रामनरेश कुशवाहा ने रखा था, मैं भी उस विचार से सौ फीसदी सहमत हूं कि हथियार के ऊपर लाइसेंस रहे ही नहीं, हथियार बिल्कुल आजाद कर दिये जायें और जिसको जितने हथियार चाहियें, जितने हथियार वह रख सकता हो वह रखे। क्योंकि एक तरफ आप जब लाइसेंस देते हैं, हमारे बिहार की क्या हालत है, गया जाइये, औरंगाबाद जाइये, रोहताश जाइये, भोजपुर जाइये, नवादा जाइये नालन्दा जाइये, बेगुसराय जाइये, मुंगेर जाइये, इन जिलों के लिये कह दिया गया है कि ये डिस्टर्ब्ड एरिया हैं, नक्सलाइट एरिया हैं, नक्सलपंथी एरिया घोषित किया गया है। वहां जितने बड़े बड़े लोग हैं, वे चाहे जितने हथियार जैसा चाहें लाइसेंस्ड और अन-लाइसेंस्ड हथियार रखते हैं और उनका इस्तेमाल गरीबों के ऊपर करते हैं जो अपनी न्यूनतम मजदूरी की लड़ाई लड़ते हैं, अपनी इज्जत और रोटी की लड़ाई

